पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने कौमी एकता की शपथ दिलाई

लखनऊः 19 नवम्बर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 इन्दिरा गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर मनाये जाने वाले 'कौमी एकता सप्ताह' पर प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर, विशेष सचिव श्रीमती नेहा पाण्डेय सहित राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियां को राष्ट्रीय अखण्डता की शपथ दिलाई।

राज्यपाल द्वारा दिलाई गई शपथ में कहा गया है कि मैं सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करता हूँ कि देश की आजादी तथा अखण्डता बनाए रखने और उसे मजबूत करने के लिये समर्पित होकर कार्य करूंगा। मैं यह भी प्रतिज्ञा करता हूँ कि कभी हिंसा का सहारा नहीं लूंगा तथा धर्म, भाषा, क्षेत्र से संबंधित भेदभाव, झगड़ों, अन्य राजनैतिक या आर्थिक शिकायतों का निपटारा शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीकों से करने के लिये प्रयास करता रहूंगा।

अंजुम/ललित/राजभवन (432/19)